सत्यमेव जयते

# सप्तदश
# बिहार विधान सभा

की

# निवेदन समिति

का

# द्वितीय प्रतिवेदन

**सप्तदश बिहार विधान सभा के सत्र में प्राप्त ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित निवेदन संख्या 72/2021 पर प्रतिवेदन**

(दिनांक.२१.०३.२२ को सदन में उपस्थापित) ।

विषय-सूची


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1. निवेदन समिति के सदस्यों की सूची | क |
| 2. सभा सचिवालय के पदाधिकारियां एवं कर्मचारियों की सूची | ख |
| 3. प्राक्कथन | ग |
| 4. प्रतिवेदन | 1 |
| 5. परिशिष्ट | 2-4 |

## बिहार विधान सभा सचिवालय

------------

सप्तदश बिहार विधान सभा का वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये गठित निवेदन समिति के माननीय सदस्यों की सूची--

सभापति

| | |
|---|---|
| 1. श्री विनोद नारायण झा (32) | स०वि०स० |

सदस्यगण

| | |
|---|---|
| 1. श्री पन्ना लाल सिंह पटेल (150) | स०वि०स० |
| 2. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (20) | स०वि०स० |
| 3. श्री राहुल तिवारी (198) | स०वि०स० |
| 4. श्री बच्चा पाण्डेय (110) | स०वि०स० |
| 5. श्री राम विलास कामत (42) | स०वि०स० |
| 6. श्री अजय कुमार सिंह (166) | स०वि०स० |
| 7. ई० शशि भूषण सिंह (11) | स०वि०स० |
| 8. श्री छोटे लाल राय (121) | स०वि०स० |
| 9. श्री कुंदन कुमार (146) | स०वि०स० |
| 10. श्री राजीव कुमार सिंह (164) | स०वि०स० |
| 11. श्री श्रीकान्त यादव (113) | स०वि०स० |

ख

## बिहार विधान सभा सचिवालय

-----------

सभा सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण-

| | |
|---|---|
| 1. श्री शैलेन्द्र सिंह | सचिव |
| 2. श्री पवन कुमार पाण्डेय | संयुक्त सचिव |
| 3. श्री पवन कुमार सिन्हा | उप-सचिव |
| 4. श्री (मो०) शमीम अहमद | अवर-सचिव |
| 5. श्री सुधीर कुमार सिंह | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 6. श्रीमती रूशदा रहमान | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 7. श्रीमती प्रेरणा कुमारी | सहायक |
| 8. श्री प्रवीण कुमार | सहायक |

## प्राक्कथन

मैं सभापति, निवेदन समिति, बिहार विधान सभा की हैसियत से सप्तदश बिहार विधान सभा में ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित निवेदन पर निवेदन समिति का द्वितीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ ।

निवेदन के संबंध में विचार-विमर्श तथा कार्यान्वयन मुख्य समिति के द्वारा किया गया है ।

प्रतिवेदन तैयार करने में पूरी निष्ठा और समर्पण से सहयोग करने के लिये समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को मैं धन्यवाद देता हूँ ।

-----------

विनोद नारायण झा,

सभापति,

निवेदन समिति,

बिहार विधान सभा, पटना ।

## प्रतिवेदन

### श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स० से प्राप्त निवेदन संख्या 72/2021

गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया कला के राजाबिगहा आर०सी०डी० पथ से मानपुर यादव टोला तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम दिन सहित बरसात के दिनों में भी आवागमन में काफी कठिनाई होती है ।

अतएव उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने हेतु निवेदन किया गया है (परिशिष्ट-1)

श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स० के उपर्युक्त विषयक निवेदन को सदन की सहमति के उपरान्त प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सभा सचिवालय के पत्रांक 1623, दिनांक 13 मार्च, 2021 द्वारा आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया । (परिशिष्ट-2)

ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक 5012, दिनांक 4 अक्टूबर, 2021 (परिशिष्ट-3) के द्वारा इस निवेदन का अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया । इस अनुपालन प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया कला के राजाबिगहा आर०सी०डी० पथ से मानपुर तक नयी अनुरक्षण नीति अन्तर्गत पथ की मरम्मती हो रही है तथा मानपुर से मानुपर यादव टोला तक स्थानीय निकाय से पथ निर्माण हो चुका है ।

------------

## समिति की निर्णय

दिनांक 27 जनवरी, 2022 को समिति की बैठक हुई समिति की बैठक में विभागीय उत्तर प्रतिवेदन ज्ञापांक 5012, दिनांक 4 अक्टूबर, 2021 के आलोक में निवेदन संख्या 72/2021 को कार्यान्वित मान लिया गया ।

**परिशिष्ट-1**

श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स० से प्राप्त निवेदन संख्या 72/2021

गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया कला के राजाबिगहा आर०सी०डी० पथ से मानपुर यादव टोला तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम दिन सहित बरसात के दिनों में भी आवागमन में काफी कठिनाई होती है ।

अतएव उक्त कच्ची सड़क को जनहित में पक्कीकरण कराने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ ।

परिशिष्ट-2

पत्र संख्या 2 नि०-721/2021/ 1623-वि०स०

बिहार विधान सभा सचिवालय

----------

प्रेषक

अरविन्द कुमरा मिश्र,

अवर-सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में

प्रधान-सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग,

बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक 13 मार्च, 2021 (ई०) ।

विषय--सदन में प्रस्तुत किये गये निवेदन संख्या 72/2021 का उत्तर भेजने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 292 (घ) के अन्तर्गत श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत एवं सभा द्वारा दिनांक 25 फरवरी, 2021 को पारित निवेदन को पार पृष्ठ पर अंकित करते हुये आपसे अनुरोध करना है कि पत्र प्राप्ति के 10 दिनों के अन्दर वांछित उत्तर माननीय सदस्य को भेज दिया जाय तथा उसकी एक प्रति सचिव, बिहार विधान सभा को निश्चित रूप से निवेदन समिति के विचारार्थ उपलब्ध कराने की कृपा की जाये ।

कृप्या इसे अत्यावश्यक समझा जाये ।

विश्वासभाजन,

अरविन्द कुमार मिश्र,

अवर-सचिव ।

बिहार विधान सभा, पटना ।

परिशिष्ट-3

पत्र संख्या 10 अ०प्र-04-03/2021-5012

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

----------

प्रेषक

ई० अशोक कुमार मिश्रा,

अभियंता प्रमुख ।

सेवा में

श्री कुमार सर्वजीत,

माननीय स०वि०स०,

बिहार विधान सभा, पटना ।

पटना, दिनांक 4 अक्टूबर, 2021 (ई०) ।

विषय--निवेदन संख्या 72/2021 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन भेजने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक निवेदन संख्या 72/2021 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जा रहा है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निवेदन संख्या | 72/2021 |
| 2 | कार्य प्रमंडल | गया |
| 3 | प्रश्नकर्ता मा०स०वि०स० | श्री कुमार सर्वजीत |
| 4 | विषय | गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया कला के राजाबिगहा आर०सी०डी० पथ से मानपुर यादव टोला तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम दिन सहित बरसात के दिनों में भी आवागमन में काफी कठिनाई होती है । अतएव उक्त कच्ची सड़क को जनहित में पक्कीकरण करान हेतु मैं सदन के माध्यम से सकार से निवेदन करता हूँ । |
| 5 | अद्यतन स्थिति | गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया कला के राजा बिगहा आर०सी०डी० पथ से मानपुर यादव टोला तक सड़क पक्की है । राजाबिगहा से मानपुर तक नयी अनुरक्षण नीति अन्तर्गत पथ की मरम्मती हो रही है तथा मानपुर से मानपुर यादव टोला तक स्थानीय निकाय से पथ निर्माण हो चुका है । |

विश्वासभाजन

अशोक कुमार मिश्रा,

अभियंता प्रमुख ।

बि०स०मु०-94 (एल० ए०)-2021-22 डी० टी० पी० -300

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2022